भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 998

26 जुलाई, 2021 को उत्तर के लिए

स्पंज लौह संयंत्र

998. श्री अरूण साव:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) छत्तीसगढ़ सहित इस समय देश में राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के कितने स्पंज लौह संयंत्र काम कर रहे है;

(ख) इन संयंत्रों में सृजित रोजगार की संभावनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इन संयंत्रों में स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करने का कोई प्रावधान है; और

(घ) यदि हां, तो विशेषकर बिलासपुर, छत्तीसगढ़ से संबंधित ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात मंत्री **(श्री राम चन्द्र प्रसाद सिंह)**

(क): वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान छत्तीसगढ़ सहित देश में कार्यात्मक स्पंज आयरन संयंत्रों की संख्या निम्नानुसार है :-

भारतीय स्पंज आयरन उद्योग का क्षेत्रवार ब्यौरा, 2020-21

राज्य	इकाइयों की संख्या
झारखंड	24
ओडिशा	76
पश्चिम बंगाल	36
पूर्वी क्षेत्र कुल	**136**
छत्तीसगढ़	69
गोवा	3
गुजरात	10
महाराष्ट्र	7
पश्चिमी क्षेत्र कुल	**89**
उत्तर प्रदेश	4
उत्तरी क्षेत्र कुल	**4**

आंध्र प्रदेश	6
कर्नाटक	35
तमिलनाडु	6
तेलंगाना	9
दक्षिणी क्षेत्र कुल	**56**
कुल	**285**
स्रोत: जेपीसी	

(ख): संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी) द्वारा कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार, वर्ष 2019-20 के दौरान घरेलू स्पंज आयरन बाजार में कुल रोजगार 84,632 था।

(ग) और (घ): निजी इस्पात क्षेत्र में कर्मचारियों की भर्ती पर निर्णय अलग-अलग इस्पात कंपनियों/ निवेशकों द्वारा उनकी आवश्यकता के आधार पर लिया जाता है। सीपीएसई के मामले में, भर्ती सरकारी दिशानिर्देशों पर आधारित होती है।

*****